दिन–मंगलवार

दिनांक– 04/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और अड़तीस लाख युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. डॉ. दिलीप जायसवाल को औपचारिक तौर पर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। उनका कार्यकाल वर्ष दो हजार सत्ताईस तक होगा।

03. केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य अगस्त महीने तक पूरा करने का निर्देश दिया।

04. और, महान आंचलिक कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु को आज उनकी एक सौ पांचवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और अड़तीस लाख युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दे रहे थे।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में विपक्ष का खाता भी नहीं खुलेगा।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में उन्होंने सभी जिलों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की और जहां कुछ कमी पायी गयी उसके लिए योजनाएं स्वीकृत की गयीं। इसके लिए आवश्यक धनराशि का भी आवंटन किा गया है।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। इस बार के केंद्रीय बजट में बिहार को ध्यान में रखकर कई घोषणाएं की गयी हैं, जिससे विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

मुख्यमंत्री के जवाब के दौरान विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। बाद में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इससे पूर्व चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं था। श्री यादव ने कहा कि बीस सालों से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है, लेकिन वे आज भी अपनी विफलताओं के लिए दो हजार पांच से पहले की सरकार को दोषी ठहराते हैं।

———बाइट————

---

राज्य सरकार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया अगले दो माह में पूरी कर ली जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों के आवेदन आए हैं। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से मुख्यालय स्तर पर आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है।

---

डॉ. दिलीप जायसवाल को औपचारिक तौर पर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया है। पटना के बापू सभागार में पार्टी राज्य परिषद की बैठक में चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसकी घोषणा की। डॉ. जायसवाल वर्ष दो हजार सत्ताईस तक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे। श्री खट्टर ने कहा कि दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर होगा। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा में यह जिम्मेदारी मिलने पर वे पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य अगस्त महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। श्री खट्टर आज पटना में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सात किलोमीटर लंबी रेललाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बचे हुए कार्य मार्च महीने तक पूरा करने का लक्ष्य है।

———बाइट———

श्री खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना— शहरी के तहत आबादी के अनुपात में जितने आवास की आवश्यकता होगी, सरकार उसका आवंटन करेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

महान आंचलिक कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु को आज उनकी एक सौ पांचवीं जयंती श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। अररिया के औराही हिंगना गांव में जन्मे रेणु ने अपनी साहित्य रचना में समाज के सभी हिस्सों का चित्रण किया। बिहार में सीमांचल और कोसी क्षेत्र के दर्द को जिस बारीकी से उन्होंने अपने साहित्य में उकेरा वह अतुलनीय है। पेश है एक रिपोर्ट.........

———डिस्पैच———

मैला आंचल, परती परिकथा, आदिम रात्रि की महक और न जाने कितनी रचनाएँ फणीश्वरनाथ रेणु ने बाढ़ की विभीषिका वाले क्षेत्र को समर्पित की। वे इस धरती को अपना प्रेरणा का स्रोत बनाने में हमेशा आगे रहते थे।

———आडियो रेणु———

रेणु की रचनाओं ने साहित्य प्रेमियों को तो आकर्षित किया ही। साथ ही भारतीय सिनेमा के शो मैन के नाम से मशहूर राज कपूर जैसे महान निर्माता, निर्देशक और अभिनेता को भी अपनी ओर खींचा। रेणु की रचना लाल पान की बेगम को राज कपूर साहब ने सिल्वर स्क्रीन पर उतारा।

———कट —पान खाया सैयां हमार....

फणीश्वरनाथ रेणु के पुत्र दक्षिणेश्वर प्रसाद राय कहते हैं कि इस सिनेमा का जादू अब भी बरकरार है।

———बाइट—दक्षिणेश्वर प्रसाद राय———

कट चलते मुसाफ़िर.....

कोसी की उर्वरा धरती से निकले मार्टी के इस लाल ने पलायन का दर्द, कोसी क्षेत्र की समस्या, सामाजिक तानाबाना जिस रूप में पेश किया वह उनकी लेखनी का जादू था जिसने सब को कायल किया धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———कट— लाली डोलिया से लाली रे दुल्हनिया.....

इस अवसर पर पटना में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने कहा कि रेणु के साहित्य में अंचल की व्यथा ही नहीं बल्कि क्रांति के स्वर भी हैं। रेणु के पैतृक गांव अररिया के औराही हिंगना समेत प्रदेश में कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने बताया कि उनतीस मार्च को छात्र संघ के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। उसी दिन शाम चार बजे से मतों की गिनती होगी और देर रात तक परिणाम आने की संभावना है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और अड़तीस लाख युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. डॉ. दिलीप जायसवाल को औपचारिक तौर पर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। उनका कार्यकाल वर्ष दो हजार सत्ताईस तक होगा।

03. केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य अगस्त महीने तक पूरा करने का निर्देश दिया।

04. और, महान आंचलिक कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु को आज उनकी एक सौ पांचवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।